पर्यटन पर्व पर बुद्धमय हुई ज्ञानभूमि

बुद्धं शरणं गच्छामि के जयघोष के साथ निकली विरासत यात्रा

जागरण संवाददाता, बोधगया (गया) : पर्यटन पर्व को लेकर बोधगया की सड़कों पर बुद्धं शरणं गच्छामि का जयघोष गूंजा। यह जयघोष विरासत यात्रा में शामिल विभिन्न बौद्ध महाविहार के बौद्ध भिक्षुओं द्वारा किया जा रहा था, जो पर्यटन पर्व के विविध कार्यक्रमों का एक हिस्सा था।

विरासत यात्रा की शुरुआत 80 फीट विशाल बुद्ध प्रतिमा से की गई। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कुमार सर्वजीत, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, प्रमंडलीय आयुक्त जितेन्द्र श्रीवास्तव, डीएम कुमार रवि, केंद्रीय व राज्य पर्यटन विभाग के अधिकारियों व बौद्ध भिक्षुओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस विरासत यात्रा में भंते ज्ञेश्वर चकमा, भंते प्रज्ञादीप, भंते चालिंदा सहित प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षकों व छात्राओं की भी सहभागिता थी। यात्रा का समापन महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

विरासत यात्रा में शामिल विधायक व अधिकारी • जागरण

विश्वशांति के लिए विशेष प्रार्थना

पर्यटन पर्व को लेकर पवित्र बोधिवृक्ष की छांव में विश्वशांति के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बारी-बारी से बौद्ध धर्म के विभिन्न पंथों के भिक्षुओं ने सूत्र पाठ किया। सभा में स्वागत भाषण जिलाधिकारी सह अध्यक्ष बीटीएमसी कुमार रवि ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि का चयन पर्यटन पर्व मनाने के लिए किया गया। निश्चय ही यह गौरव की बात है। सभा को प्रमंडलीय आयुक्त ने भी संबोधित किया।

अतिथियों को जिलाधिकारी ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सभा का समापन पर्यटन विभाग की एमडी इनायत खां के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। बीटीएमसी द्वारा बौद्ध भिक्षुओं को संघदान दिया गया।

माया सरोवर में रात हुई रंगीन

पर्यटन पर्व को लेकर सुरांगन के कलाकारों ने माया सरोवर के खुले मंच पर एक से बढ़कर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कलाकारों की प्रस्तुति से मानो रात रंगीन हो गई हो और दर्शक आनंदित हो उठे।

सांसद ने किया विदेशी पर्यटकों का स्वागत

गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पर्यटन पर्व निदेशक दिलीप कुमार के नेतृत्व में मनाया गया। इसमें सांसद हरि मांझी व औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह सहित अन्य गण्यमान्य शामिल हुए। सांसद द्वय व निदेशक ने म्यांमार से आए विदेशी पर्यटकों को टोपी, पुष्प व खाद्य भेंटकर स्वागत किया और आयोजित पर्यटन पर्व की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।